**प्रेस नोट**

**<u>दिनांक 02.10.2025</u>**

**मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना कोतवाली नगर में महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया।**

आज दिनांक 02.10.2025 को मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत थाना कोतवाली नगर में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्र की बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान की महत्ता एवं पुलिस विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

महिलाओं/बालिकाओं की शिकायतों एवं समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनना एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करने, डायल 112, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी एवं घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम आदि कानूनों के बारे में सरल शब्दों में बताया गया। महिलाओं को अपनी सुरक्षा हेतु आत्मरक्षा, सोशल मीडिया पर सतर्कता एवं किसी भी प्रकार की घटना की तुरंत सूचना पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा उपस्थित बालिकाओ से संवाद स्थापित कर उन्हें आश्वस्त किया गया कि पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा एवं सहायता हेतु तत्पर है।

इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


आपका सुझाव
लाएगा बदलाव


मिशन शक्ति केन्द्र
थाना-कोतवाली नगर जनपद-हमीरपुर
CUG- 9454403535
मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
मिशन शक्ति केन्द्र
थाना-कोतवाली नगर जनपद-हमीरपुर
CUG- 9454403535
मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
मिशन शक्ति केन्द्र
थाना-कोतवाली नगर जनपद-हमीरपुर
CUG- 9454403535
मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
फेज -05
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा
थाना कोतवाली नगर
जनपद-हमीरपुर


मिशनशक्तिकेन्द्र
थाना-कोतवाली नगर हमीरपुर
1076
1090